तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार, 6 अप्रैल 2024

श्रद्धा, भक्ति व धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती 10



बनसागर में भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनी 10






# NEET और JEE में चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी

**प्राइम कैरियर में ड्रापर व समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ**

भिलाई। ऐसे छात्र-छात्राएं जो अभी 12वीं की परीक्षा दिए है। उसके लिए 8 अप्रैल से ड्रापर बैच प्रारंभ हो रहा है। जो कि NEET व JEE के छात्र-छात्राओं के लिए है। ड्रापर बैच प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा नीट व जेईई परीक्षा पर आधारित टेस्ट ली जाती है। जिसका परिणाम प्रत्येक सोमवार को आता है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाने वाले फैक्ल्टी आईआईटीयंस डॉक्टर्स छात्रों को शिक्षा देते है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, श्वेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में समीर, लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.U. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। वैसे छात्र जो अभी 10वीं की परीक्षा दिए है। उन छात्र-छात्राओं के लिए समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। समर कोर्स में यहां 100 प्रतिशत कोर्स कम्पलिट कराया जाता है। समर कोर्स वाले बच्चों को स्टडी मटेरियल भी दिया जाता है। जो कि नीट व जेईई के छात्र के लिए बहुत उपयोगी है। यह समर कोर्स केवल तीन माह के लिए है। बच्चों के लिए आयोजित मोटिवेशन क्लासेस भी होता है। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट पूरे प्रदेश में एक मात्र संस्था है जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होता है तो 100 प्रतिशत फीस रिफंड किया जाता है वह भी लिखित दस्तावेज में, भिलाई में तीन शाखा है। पहला प्राइप कैरियर इस्टीट्यूट सेक्टर-10 ए मार्केट, दूसरा 178/179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। जिसका मो. नं. 83195-71812 व 7880168887




Advt.


## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा देने पर पुलिस ने युवक को दबोचा

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत आरोपी बसंतनगर भानुप्रतापपुर निवासी 28 वर्षीय विनय यादव पिता स्व. बोधन को पुलिस ने 4 अप्रैल को शाम साढ़े 7 बजे रेड कार्रवाई कर आरोपी द्वारा अन्य लोगो को शराब पीने की सुविधा देते हुए पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी द्वारा चखना दुकान के सामने लोगो को शराब पीने के लिए संसाधन मुहैया करवा रहा था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन शराब, दो नग डिस्पोजल को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत बैजनपुरी निवासी 43 वर्षीय उमेश कुमार यादव पिता स्व. पतिराम का 21 मार्च को दोपहर डेढ़ बजे ईलाज के दौरान भानुप्रतापपुर के निजी अस्पताल में मौत होने पर भानुप्रतापपुर थाना में शुन्य पर मर्ग कायम किया गया था। मर्ग डायरी कोरर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल

**कांकेर।** थानांतर्गत ग्राम कोलियारी निवासी दीपेश उसेंडी पिता स्व. घनीराम ने पुलिस को बताया कि 19 मार्च को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीईएन 4959 को चलाते हुए कापसी से कोलियारी घर जा रहा था। मोटर सायकल के पीछे सीट पर सुनील उसेंडी पिता स्व. धन सिंह उसेंडी बैठा था। भैराडीह नाला के पास पहुंचे थे कि सामने से एक स्कूटी सोल्ड का चालक स्कूटी को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरी मोटर सायकल को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे सिर, चेहरा और आंख को अंधरूनी चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### दो युवक को वाहन ने मारी ठोकर, घायल

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत झिपाटोला के पास शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे मोटर सायकल में सवार दो युवक को आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 जेबी 2894 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते आकर पीछे टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे बाइक में सवार दो लोगो को चोट आई है। लखनपुरी निवासी 35 वर्षीय मिथलेश कुमार वट्टी पिता स्व. मोहन सिंह वट्टी ने पुलिस को बताया कि 3 अप्रैल को दोस्त मुकुंद जुर्री के साथ मेरे मोटर साकयल क्रमांक सीजी 05 सी 9660 में सवार होकर रात लगभग 10 बजे अपने रिश्तेदार के यहां शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए घर से निकले थे। मोटर सायकल के पीछे मुकुंद जुर्री बैठा था व मोटर सायकल वह स्वयं चला रहा था। झीपाटोला चौक के पास सड़क किनारे मोटर सायकल साइड में खड़ी करके बात कर रहे थे, तभी कांकेर की ओर से आ रही वाहन क्रमांक सीजी 04 जेबी 2894 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से मेरी मोटर साकयल, मुझे व मेरे दोस्त को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मोटर सायकल व हम दोनों ▶▶|शेष पेज 8 पर

**हादसा:** ट्रक वन विकास निगम का, बांस का किया जा रहा था परिवहन

# कोरर से चारामा मार्ग पर 7 दिनों से खड़े बिगड़े ट्रक से कार टकराई, चारपहिया चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

वन विकास निगम की बाँस से भरी ट्रक खराब होने के कारण सात दिनों से कोरर से चारामा मार्ग में पंडरीपारा के पास खड़ा था। रायपुर से पखांजुर जा रही कार खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसमें चारपहिया चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं कार में सवार उसके परिजन घायल है, जिनकी हालत अभी सामान्य है। मृतक का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने मर्ग कायम किया और ट्रक चालक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया।

- मार्गो पर खराब वाहन कई दिनों तक खड़े रहते हैं, नहीं होती कार्रवाई

जानकारी के अनुसार पखांजुर के किराना व्यवसायी 45 वर्षीय संजीव राय पिता तपन राय अपनी माँ कविता राय का इलाज करवाने 4 अप्रैल को कार क्रमांक सीजी 19 बीएस 5693 से रायपुर गए थे। कार में किराना व्यवसायी संजीव का बेटा सुजय राय और छोटे भाई का लड़का सूरज राय भी साथ थे। रायपुर में इलाज करवाने के उपरांत 5 अप्रैल की रात को लगभग 2 बजे के आसपास रायपुर से पखांजुर के लिए निकले। कार को किराना व्यवसायी संजीव राय चला रहा था। कोरर से लगभग 6 किमी. की दूरी पर हरनपुरी ग्राम के पारा पंडरीपारा में बांस से भरी ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 1774 खराब ▶▶|शेष पेज 8 पर

### थाना प्रभारियों को दिया जाएगा निर्देश

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला से हरिभूमि ने इस विषय पर बात किया तो उन्होने कहा कि सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया जाएगा कि थाना के अंर्तगत आने वाले राजमार्ग में खराब कोई भी वाहन खड़ा होता है, उसे जल्द हटवाया जाए। खराब वाहन के पास इंडिकेटर व अन्य किसी भी तरह के संकेतक लगवाया जाएगा, जिससे भविष्य में इस तरह की कोई घटना न हो सके।











### घटना दुबारा न हो, इसके लिए होना चाहिए प्रयास

जानकारों का कहना है कि कार चालक 4 अप्रैल को रायपुर इलाज करवाने गया। दिनभर इलाज करवाने के बाद रात को ही निकल गया था। सुबह के समय हो सकता है, चालक को नींद की झपकी आ गई हो, जिसके चलते हादसा हो गया हो। इस तरह के हादसे होने के बाद जिले की एक टीम को अध्ययन करना चाहिए और वास्तव में घटना के होने के कारण को पता लगाया जाना चाहिए। उस कारण का निदान भविष्य में हो, दुबारा ऐसी घटना न हो, इसके लिए संबंधित विभाग को प्रयास करने की जरूरत है।

### सात दिन से खड़े ट्रक को नहीं हटाया गया

राज्य राजमार्ग व राष्ट्रीय राज्यमार्ग में खराब हालत में सड़क किनारे कई दिनों तक ट्रक या अन्य वाहन खड़े रहते है। सड़क किनारे बिना इंडिकेटर के खड़े वाहनों से टकराने से कई हादसे हो चुके है। सड़क किनारे खड़े वाहनों की जाँच संबंधित थाना के अंतर्गत ईलाके में होनी चाहिए और ऐसे खराब वाहन को 24 घंटे में हटाने की पहल करने की जरूरत है। खराब खड़े वाहन को हटाने के लिए कोई भी पहल नहीं करता है और इसी के चलते ऐसे हादसे हो जाते है। खड़ी ट्रक को हटाने के लिए पुलिस पेट्रोलिंग टीम को प्रयास करना चाहिए था, क्योंकि घटनास्थल कोरर से मात्र 6 किमी. की दूरी पर है।

## सड़क दुर्घटना में घायल की मौत चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 119 विश्रामपुर के पास 3 अप्रैल की शाम 7 बजे हुई सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। राजेश हालदार ने पुलिस को बताया कि 7 बजे मेरे पिता गोपाल हालदार घर से अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 जीयू 2894 से दूध देने गांव के ही दूध डेयरी में जा रहा था, रास्ते में मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीजे 8156 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मेरे पिता के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पिता के सिर में चोट लगा था खून निकल रहा था। संजीवनी 108 की मदद से सिविल अस्पताल पखांजुर ईलाज के लिए ले जाया गया। ईलाज के दौरान मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 304 (ए), 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### युवक की बाइक की टक्कर से गई जान

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत लखनपुरी बस स्टैण्ड के पास सड़क किनारे हुई सड़क दुर्घटना में मोटर सायकल से एक्सीडेंट होने पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौत के पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक कृष्टिकुर निवासी 32 वर्षीय दिनेश मंडावी पिता रमेश मंडावी लखनपुरी बस स्टेण्ड में शाम करीबन 6 बजे फल दुकान पर सड़क किनारे खड़े होकर फल खरीद रहा था। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एएन 3242 के चालक फकीर राम साहू ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर देने से मृतक दिनेश मंडावी सड़क पर गिर गया, जिससे उसके सिर एवं शरीर चोट आया था। ईलाज के दौरान घायल की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एएन 3242 के चालक के खिलाफ धारा 279, 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया।

## शराब दुकान व पूर्व आर्मी जवान के घर की कराई पहचान, दूसरे राज्य में करते हैं चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दिसंबर महीने में शराब दुकान और झुनियापारा में पूर्व आर्मी के घर में हुई चोरी वाले स्थल पर गिरफ्तार दोनों चोर को पुलिस ले गई और किस तरह से चोरी किया, उसकी तस्दीक कराया गया और कई सबूत भी एकत्र किए। पुलिस की गिरफ्त में गणपत मोहनिया पिता रंजित मोहनिया ने बताया कि यह योजना मैंने ही बनाई थी। धमतरी, कोंडागांव और कांकेर में घटना को अंजाम दिया। इस घटना में चार चोर शामिल थे, जिसमें चारों भील जनजाति के हैं और यह दूसरे राज्यों में चोरी करते है, स्थानीय इलाके में चोरी नहीं करते हैं।

पुलिस की गिरफ्त में चोर गणपत मोहनिया ने बताया कि हम लोग कोंडागांव से कांकेर आएं और रात को चोरी करने सबसे पहले शराब दुकान पहुँचे। शराब दुकान से रकम एकत्र कर भागने के लिए मोटर सायकल चाहिए था। हम लोग नदी किनारे खेत से होते हुए पूर्व आर्मी जवान के घर ताला लगा दिखा और मोटर सायकल खड़ी थी। नवनिर्मित मकान से छड़ को लेकर ताला तोड़ा और अंदर घुसकर चोरी किया और शराब भी पिया। नकदी और सोने की अंगूठी की चोरी किया था। हम लोग एक ही मोटर सायकल में चार लोग बैठकर नंदनमारा पेट्रोल पंप तक गए। वहीं पर मोटर सायकल खड़ी करके ▶▶|शेष पेज 8 पर



### गर्मी में आने की बनाई थी योजना

चोरी करने वालों ने कबूल किया कि होली के बाद गर्मी में फिर से आकर इन इलाको में चोरी करेंगे। यह इलाका इनके लिए सेफ जोन था। इनका कहना था कि दूरी होने के कारण हम लोगों की पहचान किसी के पास नहीं थी। इसके पहले भी कई जगह चोरी कर चुके है और आदतन यह चोरी ही करते है। पुलिस की विवेचना टीम 5 अप्रैल को धमतरी जेल वापिस छोड़ेगी। फरार दो चोर के बारे में जो जानकारी जो चोरों से मिली है, उनको गिरफ्तार करने के लिए टीम धार जाएगी।

## अंतागढ़ में सूने घर से जेवर समेत ढाई लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ थानांतर्गत ऊपरपारा में सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर, नकद और अन्य दस्तावेज की चोरी का मामला सामने आया है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि पैतृक सम्पत्ति संबंधी केस कोर्ट मे चल रहा था, जिसे आरोपी हार गई। हारने की हताशा में ही सूने घर का ताला तोड़कर घर मे रखे जेवरात, नगदी रकम एवं जमीन संबंधी दस्तावेज को चोरी किया गया है।

- दो के खिलाफ मामला दर्ज

थाना में शिकायत करने पहुंचे ऊपरपारा अंतागढ़ निवासी 67 वर्षीय अनवर हुसैन पिता स्व. हातिम हुसैन ने पुलिस को बताया कि 21 मार्च को पैरालिसिस का अचानक अटैक आने से इलाज कराने भिलाई अपने पूरे परिवार के साथ गया था, घर मे ताला लगाया था। भिलाई से इलाज कराकर 28 मार्च की सुबह वापिस अंतागढ़ आए फिर दोपहर करीबन 1 बजे फिजियोथेरीपी कराने भानुप्रतापपुर अपने बेटे इमरान हुसैन के घर चले गए। वह लगातार ईलाज करवा रहा था और 3 अप्रैल को लगभग 10 बजे वापिस अंतागढ़ घर आकर देखे तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखे तो घर के अंदर रखे अलमारियों तथा पेटी का भी ताला टूटा हुआ था। पूरा समान इधर उधर बिखरा पड़ा था। अलमारियों को चेक करने पर उसमे रखे जेवरात चांदी के पायल 3 नग कीमती 14 हजार 602 रुपए, सोने कि अंगूठी एवं लौग कीमती 13 हजार 210 रुपए, 1 नग टीवी कीमती 15 हजार रुपए, एवं नकद 2 लाख 8000 रुपए कुल 2 लाख 50 हजार 812 रुपए एवं मेरी बहन नुरजहां के जमीन संबंधी दस्तावेज घर में नहीं थे। पड़ोसी ताहिरा बेगम से पूछताछ किया तो बताई कि इसी बीच आपकी भांजी सिम्मी खान अपने पुत्र दानिश खान के साथ अंतागढ़ ▶▶|शेष पेज 8 पर




## हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्र, रामनवमीं व हनुमान जन्मोत्सव पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सर्व हिंदू समाज की बैठक बाबा रामदेव मंदिर में 4 अप्रैल को देर शाम आयोजित हुई, जिसमें हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्र , रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव मनाने को लेकर चर्चा करते हुए रणनीति तैयार की गई। सर्व हिंदू समाज ने समस्त ग्राम, मुहल्ले में हिन्दू नववर्ष मनाने के लिए आव्हान किया।

- सर्व हिंदू समाज की बैठक में लिए गए कई निर्णय

आयोजित बैठक में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या तीर्थ क्षेत्र समिति अक्षत कलश वितरण से जुड़े समस्त रामभक्तों व सभी हिन्दू संगठनों समाज के गणमान्य नागरिक का अभिवादन कर गीत एवं जय घोष के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को आने वाले त्यौहार हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्र, श्री रामनवमी, हनुमानजन्मोत्सव को लेकर सभी समाजजनों द्वारा हिंदू नववर्ष मनाने पर चर्चा किया गया। समस्त कायक्रमों की रूपरेखा सभी संगठन व समितियों के द्वारा दी गई। संस्कार भारती के द्वारा सनातन संस्कृति अनुसार हिंदू नववर्ष का स्वागत ब्रह्म मुहूर्त स्नान कर सामूहिक सूर्य को अर्घ्य देने तथा प्रभात फेरी आयोजन करने की जानकारी दिया। श्री रामजी की सेना द्वारा हिंदू नववर्ष को बाइक रैली 3 बजे और 16 अप्रैल को भंडारा एवं श्री रामनवमी में भव्य शोभायात्रा करने की जानकारी दी। ▶▶|शेष पेज 8 पर

### चेट्रीचंड्र महोत्सव कार्यक्रम की भी दी जानकारी

पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा चेट्रीचंड्र महोत्सव कार्यक्रम करने की जानकारी दिया, जिसके तहत नववर्ष को प्रभात फेरी निकलेगी और पुराना कम्यूनिटी हाल में आनंद मेला व भजन संध्या रखा गया है। इसके तहत 10 अप्रैल को पूजन, बाइक रैली, आम भण्डारा, विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया है।

वीसीए की जगह नया फार्मूला एफपीपीएएस हुआ लागू

## फरवरी की बिजली साढ़े तीन फीसदी महंगी, मार्च के बिल में होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रत्येक माह अब बिजली की कीमत तय होने के कारण इस बार फरवरी की बिजली करीब साढ़े तीन फीसदी महंगी हो गई है। उपभोक्ताओं को एक अप्रैल से मार्च का जो बिल मिल रहा है, उसमें फरवरी की खपत के हिसाब से वसूली हो रही है।

- ऊर्जा प्रभार पर प्रतिशत के हिसाब से तय होती है कीमत

जनवरी की बिजली में एफपीपीएएस शुल्क 6.70 फीसदी था, जो अब 10.12 प्रतिशत हो गया है, यानी 3.42 फीसदी बढ़ गया है। आने वाले समय में मार्च की बिजली और ज्यादा महंगी होने की संभावना है, क्योंकि बिजली की खपत बढ़ने से पॉवर कंपनी को बाहर से बिजली लेनी पड़ रही है, जो उनकी अपनी बिजली से ज्यादा महंगी मिल रही है। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के रूप में बिजली की कीमत बढ़ने से अंतर की राशि वसूली जाती थी, लेकिन इसको केंद्र सरकार ने पिछले सत्र से बंद कर दिया है। इसके स्थान पर केंद्रीय सरकार के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग ने अब उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज याने एफपीपीएएस लागू कर दिया है। इसी के तहत पिछले साल अप्रैल से उपभोक्ताओं से वसूली हो रही है।



### हर माह तय होती है कीमत

नए फार्मूले में हर माह बिजली की कीमत तय होती है। सबसे पहले पिछले साल अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में शुल्क डबल होकर 10.29 प्रतिशत हो बया। तीसरे माह शुल्क रिकॉर्ड तोड़ 14.23 प्रतिशत पर जा पहुंचा, लेकिन इसके बाद जुलाई में शुल्क कम हुआ और 11.43 प्रतिशत हो गया। अगस्त में शुल्क 10.3 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया, क्योंकि शुल्क में कमी आ रही थी, इसलिए इसको नहीं बदला गया। शुल्क बदलने से आचार संहिता की बात आती। फिर बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत हो गया। नए साल के पहले माह जनकी में यह शुल्क 6.70 प्रतिशत था, अब फरवरी के लिए जो प्रतिकिया गया है. 1012 पफीसदी है। ऐसे में फरवरी की बिजली करीब साढ़े तीन फीसदी सहमी हुई है। फरवरी का शुल्क मार्च के बिल में वसूला जाएगा। मार्च का बिल इस माह अप्रैल में आने लगा है। उपभोक्ताओं ने फरवरी में जो खपत की होगी उसके ऊर्जा प्रभार पर 10.12 फीसदी के हिसाब से शुल्क बिल में जोड़ा जा रहा है।


**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### पेड़ से गिरकर बुजुर्ग हुआ घायल

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम भंडारवंडी में शुक्रवार को इमली तोड़ने के दौरान पेड़ से गिरने पर 50 वर्षीय बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया। बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया। जानकारी अनुसार ग्राम भंडारवंडी निवासी 50 वर्षीय बुजुर्ग सतऊ राम कोर्राम पिता स्व सुकलाल कोर्राम शुक्रवार को इमली पेड़ में ईमली तोड़ने चढ़ा हुआ था। इसी दौरान पेड़ से सूखे डंगाल के टूटने से वह गिर गया। पेड़ के नीचे लकडी की बाड़ी थी, जिसमें वह गिरा। लकड़ी का खम्बा उसके एक पैर में घुस गया,साथ ही गला, चेहरे, कंधे में भी चोट आई। परिजनों द्वारा उपचार हेतु तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया।

### 6 वर्षीय मोहम्मद इमाद रख रहा रमजान में रोजा

**केशकाल।** मुस्लिम समाज के लिए माहे रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। इस मौके पर भीषण गर्मी में मुस्लिम समाज के लोग 14 से 15 घंटे का रोजा रख रहे हैं। वहीं मुस्लिम समाज के बच्चे भी इस मुबारक महीने में शौक जौक शौक के साथ भाग ले रहे हैं। मोहम्मद इमाद रज़ा वल्द मोहम्मद नकीर रज़ा उम्र 6 वर्ष सुंदरगढ़ निवासी ने रमजान के पवित्र महीने में रोजा रखकर मिशाल कायम की है ।मोहम्मद इमाद राजा के रोजा रखने के बाद इफ्तार के बाद बच्चे के परिवार वालों ने फूलों की माला पहनाकर मुबारकबाद दी। इस वर्ष रमजान के महीने में गर्मी ज्यादा बढ़ चुकी है। ऐसे मौके पर 6 वर्ष के मोहम्मद इमाद रज़ा ने रोजा रखकर परिवार में साथ ही पूरे सुंदरगढ़ में मिसाल कायम की है।



### शिवम का नवोदय व सैनिक स्कूल में चयन

**कोण्डागांव।** चावरा हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र शिवम साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय कोण्डागांव व सैनिक स्कूल अम्बिका पुर में चयन होने से विद्यालय परिवार व परिवार जनों में खुशी की लहर हैं। संतोष कुमार साहू व शिक्षिका श्रीमती उषा साहू के पुत्र का चयन दोनों प्रतियोगी परीक्षाओं में हो गया है। जिससे परिजनों व विद्यालय परिवार में हर्ष है। माता श्रीमती उषा साहू ने तथा विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि शिवम 'शुरू से ही प्रतिभावान रहा है। शिवम ने सैनिक स्कूल व नवोदय विद्यालय दोनों के प्रतियोगी परीक्षा में भाग लिया है। और उसने दोनो प्रतियोगी परीक्षाओं सफलता हासिल की है। शिक्षकों व परिजनों ने शिवम के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### आदिवासी ही आदिवासियों का बना सबसे बड़ा दुश्मन

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष केआर शाह ने पत्रवार्ता में कहा कि आदिवासियों के विकास नहीं होने के लिए आदिवासी ही सबसे बड़ा दुश्मन है। बस्तर जिला पत्रकार भवन में शुक्रवार को परिषद के आधा दर्जन पदाधिकारी प्रांत अध्यक्ष के साथ पत्रवार्ता में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को बचाने सभी सामाजिक संगठनों को मुखर होकर आगे आना होगा। इस सरकार से सबसे बड़ा खतरा देश के आदिवासियों और उसके जल-जंगल-जमीन को है। वर्ष 2023 में केंद्र सरकार ने वन भूमि अधिकार अधिनियम में संशोधन कर पांचवी व छठवीं अनुसूची वाले आदिवासी क्षेत्रों की भूमि को बिना ग्राम सभा अनुमति के अधिग्रहित करने का कानून संसद में पास करा लिया है। वर्तमान केंद्र सरकार पुनः सत्ता में आएगी तो बस्तर और सरगुजा की जमीनें उद्योगपतियों को दे दी जाएगी। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को स्वतंत्रता पूर्वक कार्य करने से रोका जा रहा है।

# सांसद फूलोदेवी जंगल से सरई- पत्ता लाकर बना रहीं दोना- पत्तल


हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

सांसद फूलो देवी नेताम कभी उतर जाती है खेतों में, नींद आई और बुवाई करने तो अब वह नजर आ रही है आदिवासियों की परंपरागत भोजन की थाली दोना और पत्तल बनाते हुए घर के आंगन में। फूलों देवी नेताम ने बताया कि सांसद जरूर बनी हूं मगर अपनी परंपरागत संस्कृति से जुड़ी हुईं हैं। आमतौर पर लाइम लाइट और मीडिया से दूर रहने वाली संसद फूलों देवी नेताम ने बताया कि वह जंगलों में साल के वृक्ष के पत्तों को तोड़ने परिजनों के साथ जातीं है। उसके बाद घर में आकर भोजन के लिए इन्ही पत्तो से थाली और कटोरी तैयार करती हैं, जिन्हें दोना पत्तल कहा जाता है। भारी मात्रा में दोना पत्तल बना लेते हैं, इसी में वह भोजन करते हैं। उनसे मिलने रायपुर से गई उषा संतोष राठौर ने बताया की हमने उन्हें इस तरह से जंगलों में पत्ते तोड़ते देख, कल्पना भी नहीं की आज के समय में एक सांसद इतनी सरल हो सकती है। सब कुछ होने के बाद भी उन्हें जंगल मे अपने और परिजनों के लिए इस तरह पत्ते तोड़ते देखना आदिवासियों के जीवन में आज भी है साल सरई के पत्तों से बने दोना–पतरी का महत्व आदिवासियों के जीवन में कला की कमी नहीं है। खासकर के जीवन जीने की कला इन्हें अच्छे से मालूम है। आसपास में मौजूद प्राकृतिक संसाधनों से ही ये ऐसे अनेक वस्तुओं का निर्माण कर लेते हैं जो जीवन को सरल बनाते हैं। इन्हीं में से एक है साल के पत्तों से दोना पतरी पत्तल का निर्माण करना। प्रकृति व समाज से जुड़े रहने से जड़े होतीं है मजबूत।

## प्रकृति व समाज से जुड़े रहन से जड़े होतीं हैं मजबूत

आदिवासी संस्कृति में विशेष महत्व है इस दोना पत्तल का





### त्योहार, शादी में होता है ज्यादा उपयोग

आज भी आदिवासी साल के पत्तों से बने दोना–पतरी याने पत्तल का उपयोग भारी मात्रा में करते हैं। त्योहार, शादी, दशगात्र आदि में आदिवासी अपने मेहमानों को भोजन परोसने के लिए दोना पत्तल का ही उपयोग करते हैं। छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के प्रत्येक रीति–रिवाज में साल के पत्तों का उपयोग किया जाता है।

## आयोजन: दूसरे चरण में मतदान दल के 900 अधिकारी हुए शामिल

# लोकसभा चुनाव के लिए प्रशिक्षण के साथ ही मार्गदर्शिका का अध्ययन करना भी आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय के जामकोटपारा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदान दल के 900 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, क्रमांक 2 और क्रमांक 3 शामिल थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने आज प्रशिक्षण केन्द्रों में पहुंचकर जारी प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने मतदान दल के अधिकारियों से चर्चा की और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने इस दौरान कहा कि मतदान दल के गठन उपरांत दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दल के सदस्य एक साथ बैठें और एक दूसरे से अच्छी तरह परिचय प्राप्त कर लें। दल के सदस्य एक दूसरे के सतत संपर्क में रहने के लिए एक दूसरे का मोबाईल नंबर अवश्य प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि मतदान का कार्य दल के सभी सदस्य दल भावना के साथ मिलकर पूरा करेंगे। वे एक दूसरे का पूरा सहयोग करेंगे, जिससे कार्य अत्यंत सहजता के साथ पूरा हो। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन की पूरी प्रक्रिया का प्रशिक्षण यहां प्रदान किया जा रहा है। इसे भलीभांति समझ लें। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा हैंडबुक तथा चेकलिस्ट भी जारी किया गया है। इसका भी भलीभांति अध्ययन कर लें और इसके निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। इससे निर्वाचन संबंधी पूरी गतिविधि निश्चित तौर पर सहजता के साथ पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान पूरी जानकारी प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की शंका न रखें। मतदान के दिन भी पूरे शांतचित्त के साथ अपने कर्त्तव्यों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की हड़बड़ाहट न दिखाएं। इस अवसर पर लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी अजय उरांव भी उपस्थित थे।

## माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन में महत्वपूर्ण



■ जिला कार्यालय में हुआ पहले चरण का प्रशिक्षण

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान के दिन की गतिविधियों की निगरानी के लिए नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रथम चक्र का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गुरुवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका को स्वतंत्र निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आपके द्वारा मतदान केंद्र में घटित घटनाओं पर नजर रखते हुए इसकी जानकारी निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक को दी जाएगी। मास्टर ट्रेनर वेणुगोपाल राव द्वारा प्रशिक्षण में माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति एवं भूमिका, उनके जानने योग्य बातें, मतदान के दौरान ध्यान देने योग्य बातें तथा उनके द्वारा 18 बिंदुओं में तैयार की जाने वाली चेक लिस्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि माइक्रो आब्जर्वर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए सामान्य आब्जर्वर के नियंत्रण एवं निरीक्षण में कार्य करता है। वह मतदान केंद्र में मतदान दलों द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन करते हैं। मतदान दलों द्वारा किए जाने वाले मॉक पोल की प्रक्रिया, वास्तविक मतदान के लिए ईवीएम को तैयार करने के कार्य का अवलोकन करना चाहिए। उन्हें इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि किसी भी मतदाता को फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र अथवा आयोग द्वारा बताए गए अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों के बिना मतदान करने की अनुमति न दी जाए। उन्हें यह भी देखना होगा की मतदान अधिकारी द्वारा प्रत्येक मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी में नियमानुसार अमिट स्याही लगाया जाए तथा मतदाता रजिस्टर में विधिवत प्रविष्टि की जाए। एएसडी लिस्ट वाले मतदाताओं से सामान्य पूछताछ करने तथा घोषणा पत्र में उनके हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया का भी अवलोकन करना होगा। उन्होंने बताया कि माइक्रो आब्जर्वर को निर्धारित प्रारूप में अपना रिपोर्ट मतदान समाप्ति के पश्चात सामग्री वापसी स्थल में सामान्य आब्जर्वर के हाथों में सौंपना चाहिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर भी उपस्थित थे।




## बस्तर में लोकसभा चुनाव प्रचंड मतों से जीतेगी भाजपा : किरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

■ प्रदेश अध्यक्ष ने जिले के तीनों विधानसभा के कार्यकर्ताओं की ली बैठक

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिले की तीनों विधानसभा जगदलपुर, चित्रकोट, बस्तर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने कहा कि बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा प्रचंड मतों से जीतेगी। सभी कर्मठ कार्यकर्ता अपने क्षेत्र, अपने बूथ में परिश्रम से काम करें। बूथ स्तर पर निवासरत प्रत्येक मतदाता, एक एक लाभार्थी, हर एक घर में संपर्क साधना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं व प्रदेश सरकार के 100 दिन में पूरी की गई, मोदी की गारंटी के साथ जनता के बीच जायें। जनता जनार्दन का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। 8 अप्रैल को प्रधानमंत्री का बस्तर आगमन हो रहा है। छोटे आमाबाल में होने वाली प्रधानमंत्री की जनसभा को सफल बनाने जुट जायें। बैठक में वन मंत्री केदार कश्यप, भूपेंद्र सवन्नी, लोकसभा प्रभारी महेश जैन, संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, श्रीनिवास राव मद्दी, जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस अपनी पराजय स्वीकार कर चुकी है। कांग्रेस के नेताओं के अनर्गल बयान इसी बात का परिचायक है। कांग्रेस की लोकसभा चुनाव में निश्चित हो चुकी पराजय की पीड़ा कांग्रेसी नेताओं के बेतुके बयानों से सामने आ रही है। किरण देव ने कहा कि 19 अप्रैल को मतदान है। भाजपा कार्यकर्ता जीत का लक्ष्य लेकर बिना रूके, बिना थके कार्य करें। बस्तर सहित छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों में विजय पताका लहराते हुये लगातार तीसरी बार केन्द्र में मोदी सरकार बनाना है। अबकी बार चार सौ पार के नारे को साकार करने कार्यकर्ता प्राणप्रण से काम करें।

### ये रहे उपस्थित

*बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी जी वेंकट,विनायक गोयल, डा.सुभाऊ कश्यप,संतोष बाफना,बैदूराम कश्यप, विद्याशरण तिवारी,मनीराम कश्यप, सफीरा साहू, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, वेदप्रकाश पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, आलोक अवस्थी, सुब्रतो विश्वास, सुरेश गुप्ता, सतीश सेठिया, परिस बेसरा, उदबो राम, धनुर्जय कश्यप, नरसिंह ठाकुर, फूल सिंह सेठिया, अविनाश श्रीवास्तव, सुधा मिश्रा आदि सहित भारी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।*

# महापौर को पापी बताते लखमा ने कहा, जनता कभी माफ नहीं करेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने गुरूवार को शहर के वार्डों में भ्रमण के दौरान अंबेडकर वार्ड की नुक्कड़ सभा में महापौर सफीरा साहू के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने को लेकर बड़ी बात कह डाली। तिरंगा चौक में बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति में माल्यार्पण के बाद सभा को संबोधित करते कहा कि आपको दिया जाने वाला राशन में मई के बाद कटौती कर दी जाएगी। प्रदेश सरकार इस काम में लग गई हैं और हर परिवार को चावल राशन कम मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि हर महिला को 1 लाख रुपये कांग्रेस देने जा रही हैं और घर के सदस्य को भी 1 लाख रोजगार के नाम से भी देगी। मतलब हर घर को साल का 2 लाख रुपये की व्यवस्था कांग्रेस करने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को हर माह का 1 हजार दे रही हैं हमारी सरकार बनती हैं तो साल में 1 लाख पूरी गारंटी के साथ देगी। महापौर को निशाने में लेते लखमा ने कहा कि जिसको पार्टी ने पार्षद और महापौर तक बनाया, वही गरीबो का पैसा खाकर भाग गई। पापी महापौर को जनता कभी माफ नहीं करेगी और जो गया कचरा साफ हुआ है।

## पेज 7 के शेष

### कोरर से चारामा मार्ग...

हालत में सड़क पर खड़ी थी, जिससे कार टकरा गई। कार का कांच का हिस्सा ट्रक में लोड बांस में लटका हुआ मिला, इससे लग रहा है कि कार की गति भी तेज थी। कार की स्टेयरिंग भी टूट गई थी। कार के टकराने से कार चला रहे किराना व्यवसायी संजीव राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार में सवार अन्य लोगों ने बताया कि सड़क में खड़े ट्रक में किसी भी तरह का न तो इंडीकेटर था और न ही कोई संकेतक लगा था। रात में समझ में नहीं आने के कारण ही कार टकराई।

### शराब दुकान व पूर्व ...

वापिस गोविंदपुर तरफ ढलान तरफ आएं। ढलान के पास बस को रोककर रायपुर निकल गए। रायपुर से नागपुर और नागपुर से धार अपने घर पहुँच गए और यह पूरा सफर बस से किया। मास्टरमाइंड गणपत के अनुसार चारों लोगों में आपस में 2 लाख 20 हजार सभी को मिले और बाद में 50-50 हजार मिले। सोने की अंगूठी कैलाश कटारे के पास है। आपस में चोरी की रकम बांटने के बाद सभी अपने अपने गाँव में थे और धमतरी पुलिस औचक पहुँचकर हम दो लोगों को दबोच लिया। वहीं अन्य दो चोर दूसरे गाँव के थे, जो अपने घर में थे। हमारे पकड़े जाने की जानकारी फैलने पर दोनों फरार हो गए है। चारों चोर मोबाइल का उपयोग नहीं करते है। धमतरी, कांकेर और कोंडागांव में सात चोरी में शामिल थे।

### अंतागढ़ में सूने...

आए थे। इन लोग कहां गए है पूछने पर वह बताई कि आपका तबियत खराब होने से इलाज कराने के लिए बाहर गए है। सिम्मी खान व उसके पुत्र दानिश खान आपके घर अंदर गई थी। सिम्मी खान मेरी भांजी है, जिसका मेरी बहन नूरजहां के साथ पैतृक सम्पत्ति संबंधी केस कोर्ट मे चल रहा था, जिसे वह हार गई है। हारने की हताशा मे ही मेरी भांजी मेरे अनुपस्थिति में मेरे सूने घर का ताला तोड़कर घर मे रखे जेवरात, नगदी रकम एवं मेरी बहन नुरजहां के जमीन संबंधी दस्तावेज को चोरी कर ले गई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सिम्मी खान और दानिश खान खिलाफ धारा 34, 380 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्र...

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा हिंदू नववर्ष में गंगा महाआरती, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, आतिशबाजी, भजन संध्या का आयोजन एवं बजरंग दल शिवभक्त समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव में भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की जानकारी दिया। आयोजित बैठक के उपरांत सर्व हिन्दू समाज ने लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता जागरुकता को लेकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागृत करने का संकल्प लिया गया ।

### दो युवक को वाहन...

रोड़ के किनारे गिर गए, जिससे सिर व चेहरे में तथा दोस्त मुकुंद को हाथ में चोट आई है। दोनों को हाईवे पेट्रोलिंग कर्मचारी द्वारा उपचार के लिए सीएचसी चारामा लाया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## मेहंदी, रंगोली के साथ रैली एवं हस्ताक्षर अभियान का हुआ आयोजन

# मतदाताओं को जागरूक करने कुएं में महिलाओं के लिए हुई खेल प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए प्रेरित कर शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम स्वीप चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को केशकाल विधानसभा के सुदूर अंचल में बसे ग्राम कुएं में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगोली मेहंदी, महिलाओं के खेल जैसे मटका फोड़, रास्सा खींच, कुर्सी दौड़ मतदाता जागरूकता रैली तथा मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। महिलाओं ने बढ़ चढ़कर स्वीप खेलों का आनंद लिया। किसी ने आंखों में पट्टी बांध के मटके फोड़े तो कहीं महिलाओं ने रस्साकसी में अपना दम दिखाया और किसी ने कुर्सी के लिए दौड़ लगाई। खेलों के आयोजन के उपरांत महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रैली का आयोजन किया गया। सभी महिलाओं ने रैली उपरांत मिलकर आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में बिना किसी भय एवं लोभ के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ ली। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों ने हस्ताक्षर द्वारा मतदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ रामेश्वर महापात्रे सहित जनपद पंचायत एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### दिया जा रहा विशेष ध्यान

*उल्लेखनीय है कि कुएं क्षेत्र में पूर्व लोकसभा निर्वाचन में मतदान केंद्र के स्थानांतरित होने के कारण यहां कम वोटिंग हुई थी। जिसे देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार यहां पूर्व में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन एवं मतदान केंद्र के ग्राम में स्थानांतरण से मतदान प्रतिशत में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गयी। विगत विधानसभा निर्वाचन में यहां 72 प्रतिशत से अधिक वोटिंग हुई थी। वहीं इस बार ग्रामीणों के उत्साह एवं कार्यक्रमों में सहभागिता को देखते हुए शत प्रतिशत के निकट मतदान की आशा की जा रही है।*

## खबर संक्षेप

### सेन समाज सभी राजनीतिक दलों का करता है सम्मान : विद्यानंद

गीदम। जिला सेन समाज के जिला अध्यक्ष विद्यानंद सेन ने प्रेस विज्ञप्ति



जारी कर बताया कि वैशाली नगर के भाजपा विधायक रिकेश सेन द्वारा प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जो विवादित बयान दिया गया है। वह विधायक रिकेश सेन का निजी बयान है। सेन समाज का इस बयान से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा विधायक रिकेश सेन के द्वारा बयान देने से पूर्व इसकी सूचना ना तो प्रदेश अध्यक्ष एवं ना ही प्रदेश कार्यकारिणी सेन समाज के समक्ष रखा गया। इसलिए विधायक रिकेश सेन ने जो बयान दिया है, वह उनका निजी बयान है। सेन समाज सभी राजनीतिक दलों का सम्मान करता है। दंतेवाड़ा जिला सेन समाज के अध्यक्ष विद्यानंद सेन ने कहा कि समाज की आड़ लेकर इस तरह के राजनीतिक बयान बाजी करना गलत है।

### भाजपा कार्यकर्ता पहुंच रहे गांव-गांव



बीजापुर। बस्तर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप को भारी मतों से विजयी व एक बार फिर केंद्र में मोदी सरकार बनाने के लिए भाजपाई गांव-गांव जाकर वोट मांग रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी के नेतृत्व में गुरूवार को बरदेला, गोंगला चौक, जयवारम, दुगोली, नैमेड और धनोरा चौक में नरेन्द्र मोदी और विष्णुदेव साय सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। वहीं भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के पक्ष में वोट मांगते हुए हर-हर मोदी घर- घर मोदी के नारे के साथ गांव-गांव भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे।

# नपं क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं को कर रहे जागरूक

## जागरूकता दल लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने कर रहे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

मतदाता जागरूकता को लेकर जिले में स्वीप के तहत लोन लोन दायो कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गीदम नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक एक व दो में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थानीय महिलाओं द्वारा रंगोली बनाकर, स्लोगन व मतदाता शपथ कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में लोगों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने, उन्हें शपथ दिलाने की गतिविधियां की जा रही है। ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सकें। इस कार्यक्रम में विशेष रूप में इस तथ्य पर फोकस किया जा रहा है कि मतदाता स्वयं के साथ-साथ अपने घरों व आस-पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए



जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। जागरूकता दल के सदस्यों बीएलओ अखिलेश ध्रुव, रामलखन पटेल व सुभद्रा विश्वकर्मा द्वारा मतदान संबंधी जानकारी देते हुए बताया गया कि मतदान हर मतदाता का अधिकार है और मतदान करना पहला दायित्व है। देश के प्रत्येक नागरिक को देश विकास की सोच के साथ हमेशा निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और अन्य लोगों को भी निष्पक्ष होकर मतदान की सलाह देनी चाहिए। मतदान एकमात्र ऐसा साधन है, जिससे देश की जनता स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकती है। मत देने की शक्ति से वह अपने देश की बागडोर संभालने के लिए उनकी नजर में योग्य व्यक्ति को खुद चुन सकते हैं। इसके साथ ही मतदान जागरूकता दल ने लोगों से अपने-अपने परिवार के सदस्यों, आस-पड़ोस के लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं मतदान के दिन मतदान केन्द्रों में जाकर अपना बहुमूल्य समय देने की अपील की है।

## कर्मा जयंती महोत्सव पर साहू समाज ने निकाली शोभायात्रा

# कर्मा माता के जयकारों से गूंज उठा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर शुक्रवार को सुकमा जिला साहू संघ परिवार द्वारा नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के सभी महिला-पुरूष एवं सदस्यगण शामिल हुए। सुकमा जिला मुख्यालय में साहू समाज द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें कर्मा माता के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा।

साहू संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू ने बताया कि आज कर्मा जयंती के पावन पर्व पर पूरे छत्तीसगढ़ के समस्त जिला साहू संघ, तहसील साहू संघ, परिक्षेत्र साहू संघ एवं ग्रामीण साहू संघ द्वारा सुबह 11 बजे एक साथ माता कर्मा की भव्य आरती की गई। विदित हो कि माता कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्माबाई की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षों से चली आ रही है। इनका जन्म संवत 1073 सन 1017 ई. में पाप मोचनी एकादशी पर हुआ था। इस बार मां कर्मा देवी की जयंती 5 अप्रैल को मनाई गई।

इस दौरान जिला साहू संघ के सचिव गुप्तेश्वर गंगबेर, संरक्षक कन्हैया लाल साहू, कोषाध्यक्ष दयालूराम साहू, नगर अध्यक्ष टीकाराम साहू, जिला उपाध्यक्ष सेवकराम गुरुपंच, महिला जिला उपाध्यक्ष प्रमिला साहू, डोमन साहू, तिलोचन साहू, तीरथ साहू, अधिकारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चमन लाल साहू, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कैलाश साहू, दोरनापाल तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, कोंटा तहसील अध्यक्ष रामनाथ साहू, छिंदगढ़ तहसील अध्यक्ष नरेश साहू, तोंगपाल तहसील अध्यक्ष घनश्याम साहू, गौतम साहू, चोवाराम साहू, मानस साहू, रूपेश साहू, ईश्वर साहू, खम्मन साहू, संतराम साहू, खोरबारा साहू, जितेंद्र साहू, महेश साहू, लालू साहू, लोकनाथ साहू, मोतिम बाई साहू, सोनिया साहू, सत्यभामा साहू, जानकी साहू, दसोदा साहू, सुनीता साहू, आरती साहू, रश्मि साहू, बबली साहू, यशोदा साहू, राखी साहू, अमृता साहू, निन्नी साहू, लाला साहू एवं साहू समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### अन्याय के आगे कभी नहीं झुकी

राजू साहू ने बताया कि मां कर्माबाई के जीवन से आत्मबल, निर्भीकता, साहस, पुरूषार्थ, समानता और राष्ट्र भावना की शिक्षा मिलती है। वे अन्याय के आगे कभी झुकी नहीं। उन्होंने संसार के हर दुःख-सुख को स्वीकारा और डट कर उसका मुकाबला किया। गृहस्थ जीवन पूर्ण सम्पन्नता के साथ यापन कर नारी जाति का सम्मान बढ़ाया। अपनी भक्ति से साक्षात श्रीकृष्ण के दर्शन किए और अपनी गोद में लेकर बालकृष्ण को अपने हाथों खिचड़ी खिलाई।

## मामला जवाहर नवोदय विद्यालय का

# स्कूल प्रबंधन बच्चों से करवा रहे कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

गर्मी ने अपना भीषण रूप दिखाना शुरू कर दिया है। बढ़ती गर्मी नें लोगों को घरों पर रहने को मजबूर कर दिया है। लेकिन बढ़ती गर्मी में भी ऐसे स्कूल है, जो मासूम बच्चों से काम करवाकर उन्हें बीमार बनाने पर आमादा है। हम बात कर रहे है जिला मुख्यालय में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की। दरअसल यह स्कूल लोहाडोंगरी पार्क के पास स्थित है, इस स्कूल को एजुकेशन सिटी के कैम्पस में स्थित बिल्डिंग में शिफ्ट किया जा रहा है। शिफ्टिंग के कार्य में स्कूल प्रबंधन यहां पढ़ने वाले मासूम बच्चों से इस भीषण गर्मी में गाड़ियों में सामान शिफ्ट करवा रही है। जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चे मजदूरों की तरह काम करने को विवश है। ऐसे में चिलचिलाती धूप में काम करने के बाद यदि बच्चों का स्वास्थ्य खराब होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा?

### बच्चों से कार्य करवाना गलत

जवाहर नवोदय स्कूल के प्राचार्य अरुण कुमार ने सफाई देते हुए कहा कि यहां पर बच्चों से कार्य नहीं करवाया जा रहा था लेकिन अगर कार्य करवाया गया है तो यह गलत है।

### यह नियम विरूद्ध

जिला शिक्षाधिकारी रमेश निषाद ने इस संबंध में कहा कि मीडिया से मुझे इसकी जानकारी मिली है। अगर बच्चों से कार्य करवाया गया है तो यह नियम के विरुद्ध है। जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# देश के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले : हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ट कांग्रेसी गिरधारीलाल राठी ने बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी, सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष लालू राठौर, जिपं उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिपं सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, प्रवीण डोंगरे, कलाम खान समेत अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आगामी लोक सभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की।

पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी और डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के रास्ते पर चलने वाली पार्टी है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की सोच है कि देश के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिले। इसी सोच को लेकर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने देश के लोगों के लिए गारंटियां लेकर आई है। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनती है, तो निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी अपने गारंटियों को पूरा करेगी। जिसमें देश के हर गरीब महिला को साल में एक लाख रुपये देने की गारंटी भी शामिल है। कांग्रेस पार्टी और कवासी लखमा को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान करते हुए हरीश कवासी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

इस अवसर पर जिला प्रवक्ता ज्योति कुमार, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, जिला महामंत्री जितेंद्र हेमला, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज अवलम, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता, हमीदा बेगम, श्यामू गुप्ता, पार्षद कविता यादव, सोनमती ताती, ललिता झाड़ी, साहिल तिग्गा, लक्ष्मण कड़ती, राजीव सिंह, राम कुमार दुर्गम, रतन कश्यप, महिला कांग्रेस की ममता पांडे सहित युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# लोकसभा निर्वाचन के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मतदान केंद्रों में माइक्रो ऑब्जर्वर के दायित्व के संबंध में बिंदुवार दी गई जानकारी



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य को बेहतर तरीके से संपादन करवाने के लिए सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान केंद्रों में होने वाली हर गतिविधियों को अवलोकन करने के संबंध में बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मतदान में उपयोग होने वाले ईवीएम और वीवीपैट मशीन की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक, एसडीएम सुब्रत प्रधान व मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

## रैली निकाल मतदान करने किया प्रेरित...



**लोहंडीगुड़ा।** स्विप कार्यक्रम के तहत आज बिहान के समस्त कैडर व पदाधिकारियों द्वारा जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा से साप्ताहिक बाजार बड़े धाराउर तक रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान करने और अपने मताधिकार का प्रयोग आवश्यक रूप से करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बिहान जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं मातृभूमि महिला क्लस्टर संगठन मारडूम, महिला शक्ति क्लस्टर संगठन ऊसरीबेड़ा, महारानी महिला क्लस्टर संगठन अलनार एवं लक्ष्यदीप महिला क्लस्टर संगठन बड़ांजी के समस्त कैडर एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# 88 पंचायतों के 7500 मनरेगा मजदूरों ने ली लोकतांत्रिक मर्यादा बनाए रखने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में प्रतिदिन जिले के नगरीय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता एवं गतिविधि आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत भागीदारी के संदेश को पहुंचाने के उद्देश्य से मनरेगा योजना के कार्यस्थल पर कुल 7 हजार 500 श्रमिकों के द्वारा शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रलोभन के बिना निर्भीक होकर मताधिकार का उपयोग करने की शपथ ली गई।

गुरुवार को जिले की 125 ग्राम पंचायतों में कुल 9700 मनरेगा मजदूर कार्य किए हैं। जिनमें से खबर लिखे जाने तक 88 ग्राम पंचायतों में 7500 श्रमिकों द्वारा लोकतांत्रिक मर्यादा अनुरूप मताधिकार का प्रयोग करने हेतु शपथ ली गई। जिले में यह पहला अवसर है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन खेल कूद प्रतियोगिता के अलावा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के संदेश को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें ग्रामीण मतदाता खासकर महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।

## श्रम संघ ने सीएमडी के नाम 16 बिंदुओं का मांग पत्र निदेशक उत्पादन को सौंपा

# लंबित कर्मचारियों का पुनरीक्षित वेतन समझौता को शीघ्र पूर्ण करें : इंटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



एनएमडीसी लिमिटेड के निदेशक उत्पादन एवं अतिरिक्त प्रभार निदेशक कार्मिक दिलीप कुमार मोहंती के किरंदुल आगमन पर मेटल माइन वर्कर्स यूनियन (इंटक) के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के नेतृत्व में उनका अभिनन्दन करते हुए अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम पर परियोजना के कर्मचारियों एवं नगर परिवार के हित में 16 बिंदुओं का मांगपत्र श्रम संघ द्वारा सौंपा गया।

जिसमें प्रमुख रूप से 1 जनवरी 2022 से लंबित कर्मचारियों का पुनरीक्षित वेतन समझौता को शीघ्र पूर्ण करने, एनएमडीसी के रिक्त पदों पर कर्मचारियों की भर्ती शीघ्र करने, परियोजना चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टॉफ के नियमित पदों पर भर्ती के साथ ही साथ अनुकम्पा नियुक्ति का प्रावधान करने, किरन्दुल परियोजना में बहुप्रतीक्षित ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग 13 वर्षों से अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है, इस कार्य को शीघ्रताशीघ्र पूर्ण कराये जाने के साथ ही साथ रेलवे द्वारा किये गये सर्वेक्षण के पश्चात लंबित रेलवे स्टील ब्रिज एवं फुट ब्रिज (रेलवे स्टेशन के समीप) निर्माण कार्य को गति प्रदान करने, मशीनों, कल-पुर्जों, औजारों एवं उपकरणों की कमी को दूर किया जाये, जिससे उत्पादन एवं उत्पादकता प्रभावित न हो। परियोजना चिकित्सालय में एमआरआई की सेवा उपलब्ध कराने, बायो हजार्ड मशीन चालू करने, वर्तमान में किरन्दुल-विशाखापटनम यात्री रेल की सुविधा है, किंतु चिकित्सकीय परामर्श से उपचार हेतु हैदराबाद जाने के लिए रेल सुविधा उपलब्ध नहीं है। किरन्दुल से हैदराबाद जाने हेतु रेल सुविधा के विस्तार हेतु रेलवे के उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया जाये, साथ ही साथ जगदलपुर से भुवनेश्वर तक की जो यात्री रेल सुविधा है, उसका विस्तार करते हुए किरन्दुल तक अथवा कम से कम दंतेवाड़ा तक रेल यात्रा की सुविधा प्रदान करने हेतु रेलवे से चर्चा की जाये। किरन्दुल-दंतेवाड़ा मार्ग अत्यंत ही जर्जर स्थिति में है। ग्राम पाढ़ापुर के पास सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर धंस गया है, जिसके कारण दुर्घटनायें घटित हो रही है, सड़क मरम्मतीकरण शीघ्र करने, साथ ही साथ बचेली से किरन्दुल मार्ग की बंद हो चुकी स्ट्रीट लाईट को सुधरवाने, जिससे बचेली से किरन्दुल तक रात्रि कालीन सेवा एवं चिकित्सकीय कार्य से आने-जाने वाले कर्मचारियों द्वारा सुरक्षित आवागमन किया जा सके। किरन्दुल एवं बचेली नगरवासियों के लिए पाढ़ापुर स्थित एकमात्र मुक्तिधाम है, सुविधाओं में उन्नयन करते हुए विद्युत शवदाह गृह का निर्माण एवं वहां पर भवन, पोस्टमार्टम हेतु कक्ष, गार्डन, जल आदि सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। परियोजना क्षेत्रांतर्गत विविध सामाजिक, सांस्कृतिक भवन पुराने हो चुके हैं, जिनका जीर्णोद्धार कराया जाये। गीदम एजुकेशन हब की भांति किरन्दुल-बचेली क्षेत्रांतर्गत एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स एकेडमी की सुविधा प्रदान की जाये, जिससे की स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जा सके। परियोजना द्वारा चिकित्सकीय कार्य एवं विद्यार्थियों के लिए किरन्दुल से हैदराबाद एवं विशाखापट्नम निःशुल्क परिवहन सेवा प्रदान की जा रही है, इसी तर्ज पर किरन्दुल से रायपुर एवं दुर्ग के लिए भी बस सेवा संचालित की जाये। निगम द्वारा प्रशासनिक अधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिस पर आगामी कार्रवाई शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण की जाये। हमारे परियोजना का लोडिंग प्लांट नगर के आवासीय कॉलोनियों के निकट में स्थित होने के कारण समय-समय पर अनेक प्रकार की परेशानियों (सड़क दुर्घटना, धूल, ध्वनि प्रदूषण आदि) का सामना करना पड़ता है। अतः भविष्य में योजनाबद्ध तरीके से लोडिंग प्लांट को आवासीय कॉलोनियों से दूर विस्थापित किया जाए आदि विषयों को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर मौखिक रूप से सार्थक परिचर्चा की गई।

# मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- निर्वाचन प्रशिक्षण का आयोजन विद्या ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल में

लोकसभा आम निर्वाचन के सफल क्रियान्वयन हेतु नियोजित पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 6 से 8 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे से विद्या ज्योति हायर सेकेण्ड्री स्कूल जगदलपुर में दिया जाएगा। प्रशिक्षण में मतदान की टीम एक साथ बैठ कर प्रशिक्षण लेगी।

संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल प्रशिक्षण सुनील शर्मा ने बताया कि प्रथम दिन 6 अप्रैल को सभी 21 युवा मतदान दल एवं 6 दिव्यांग मतदान दलों के साथ ही बस्तर विधानसभा क्षेत्र के 13 संगवारी मतदान दल, चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के 18 संगवारी दलों और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के 255 पुरुष मतदान दलों सहित कुल 313 मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### दो शराब कोचिए के कब्जे से 16 लीटर महुआ शराब जब्त



**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने दो अलग अलग जगह रेड कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से महुआ शराब बनाने व बेचने के कारोबार में संलिप्त दो आरोपियो को पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि मनकेसरी में एक महिला अपने घर हाथ भट्टी से बना हुआ शराब बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही है। पुलिस 4 अप्रैल को शाम 6 बजे आरोपी मनकेसरी निवासी 24 वर्षीय पल्लवी बडोल पति शिवा के घर दबिश दिया। आरोपी महिला के घर की तलाशी लेने पर कमरे के अंदर पीला रंग के 5- 5 लीटर वाले जरकीन बरामद हुआ, जिसमे अवैध रूप से हाथ भट्टी से बना हुआ कुल 9 बल्क लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया। आरोपी महिला के खिलाफ पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। दूसरी कार्यवाही में आरोपी माकड़ी खूना निवासी 38 वर्षीय नरसिंह तारम पिता मन्नूराम के कब्जे से 4 अप्रैल को शाम साढ़े 5 बजें पुलिस ने 7 लीटर महुआ शराब और नगद 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शहीद पार्क में योग शिविर कल

**जगदलपुर।** पतंजलि योग समिति का रविवार को शहीद पार्क में विराट योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगर में संचालित समस्त योग कक्षा के साधकों के साथ नगरवासी एवं योग प्रेमी शामिल होंगे। पतंजलि योग समिति के प्रांत प्रमुख डॉ. मनोज पाणीग्राही ने बताया इस योग सेशन में योग प्राणायाम,यौगिक जागिंग बीमारियों के घरेलू उपचार के बारे में जानकारी दी जावेगी।

# लोकसभा चुनाव में घोटाला संस्कृति का परिचय दे रही कांग्रेस : विद्याशरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

**संदेशखाली घटना पर मुंह नहीं खोलने वाली कांग्रेस चुनावी मौसम में महिला न्याय का सब्जबाग दिखा रही**



कांग्रेस इस चुनाव में भी घोटाला संस्कृति का ही परिचय दे रही है। केरल में कांग्रेस वाम दलों के खिलाफ चुनाव में है, वही बिहार में वाम दलों के साथ चुनाव लड़ रही है। वायनाड की नामांकन रैली में न कांग्रेस के झंडे थे न कांग्रेस की सहयोगी आल इंडिया मुस्लिम लीग के झंडे। कांग्रेस अपना अलग घोषणापत्र जारी कर रही, वहीं उनके कट्टर सहयोगी दिल्ली के राम लीला मैदान में अलग घोषणा कर रहे हैं। कांग्रेस की केंद्रीय इकाई अलग घोषणा कर रही है और राज्य इकाई अलग। उक्ताशय के विचार भारतीय जनता पार्टी जगदलपुर विधानसभा संयोजक विद्याशरण तिवारी ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि संदेशखाली की शर्मनाक घटना पर जिस पार्टी के मुख से निंदा के दो शब्द नहीं निकले वह महिला न्याय का सब्जबाग दिखा रहे है। जिनके राष्ट्रीय नेतागण महिला नेत्रियों के खिलाफ अनर्गल आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वह महिलाओं के सम्मान की बात कर रहे हैं। महिला आरक्षण बिल को जो पार्टी महज सत्ता बनाये रखने के लिए अपने सहयोगी सपा और राजद के दबाव में दस वर्षोंर् तक पास नहीं कर पाई। वह महिलाओं को गुमराह करने के लिए अनर्गल प्रलाप कर रही है।

### 10 वर्षों में कांग्रेस की 5 गारंटी और 25 न्याय कहां थे

विद्याशरण तिवारी ने कहा कि 2004 से 2014 तक 10 वर्षों में कांग्रेस की 5 गारंटी और 25 न्याय कहां थे। तब तो वे 2 जी, कोल सहित अन्य 12 लाख करोड़ के घोटाले में व्यस्त थे। गरीबी उस समय इनके लिए मानसिक अवस्था थी। मजबूत अर्थव्यवस्था को ध्वस्त होते तंत्र में बदलने वाले जनता को गुमराह कर मत प्राप्त करने का प्रयास कर रहे है। किसानों के लिए बने स्वामीनाथन आयोग पर जो एक इंच भी काम नहीं कर पाए, एमएसपी के कानून की गारंटी को जो लोग अव्याव्हरिक बता रहे थे, वो किसानों को गारंटी दे रहे हैं। मंडल आयोग की रिपोर्ट को बरसों दबा कर पिछड़ा वर्ग को उनके हक से वंचित रखने वाले न्याय का स्वांग रच रहे हैं।

### इंडी गठबंधन का दावा, घोषणापत्र अलग

तिवारी कहा कि कांग्रेस इंडी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने का दावा कर रही है और अपना घोषणापत्र अलग जारी कर रही है। यह चुनावी घोटाले की ज्वलंत मिसाल है। देश हित व जन हित में काम करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी नित एनडीए गठबंधन सरकार के साथ है। जिसने एक करोड़ लखपति दीदी, उज्जवला योजना, आवास और राशन कार्ड महिलाओं के नाम से जारी करना, पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देना, किसानों के लिए फसल बीमा, पांच लाख रुपये तक निशुल्क स्वास्थ्य उपचार के लिये आयुष्मान योजना का निर्माण किया है।

**आयोजन : गरीबों एवं असहाय लोगों की सेवा ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म**

# श्रद्धा, भक्ति व धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

साहू समाज ने शुक्रवार को माँ कर्मा जयन्ती स्थानीय कर्मा कुटीर भवन में श्रद्धा, भक्ति व बड़े धूमधाम से मनाई। सुबह से ही माँ कर्मा कुटीर भवन प्रांगण में भक्तों की भीड़ लगने लगी। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। तैलिक समाज की आराध्य देवी मां कर्मा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया।

नगर साहू समाज के सभी लोगों ने माँ कर्मा की पूजा अर्चना में भाग लिया। दोपहर को माँ कर्मा की महाआरती की गई। महाआरती के बाद भण्डारे का कार्यक्रम शुरू हुआ जहाँ सभी लोगो को प्रसाद में खिचड़ी का वितरण किया। ऐसी मान्यता है कि माँ कर्मा ने खुद अपने हाथों से भगवान कृष्ण को खिचड़ी खिलाई थी। इसलिए खिचड़ी का प्रसाद विशेष रूप से वितरण किया जाता है।

इस मौके पर परिक्षेत्र अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू,लिगेंद्र साहू,ठाकुर राम साहू ,कुंदन साहू ,सुदामा साहू , सुरेंद्र साहू,गोविंद साहू , संजय साहू, शिवलाल साहू, सुरेश साहू घासिया राम, चोवा राम साहू, थकेश साहू , रघुनाथ साहू , पितेश्वर साहू , लिखेश्वरी साहू, प्रेमलता साहू , उषा साहू बिंदु देवी , उमा देवी , पेमीन , ऐश्वर्या साहू , गीता , गायत्री साहू , मीना , धनेश्वरी साहू समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।





### मरीजों के बीच फल का वितरण

इस अवसर पर समाज की ओर से सरकारी अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड, महिला प्रसव व जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों व उनके सेवकों के बीच फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि गरीबों एवं असहाय लोगों की सेवा ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। सेवा भावना के लिए ही समाज का गठन हुआ है, समाज का मुख्य काम सेवा ही है।

### समाज ने प्लास्टिक का किया बहिष्कार, भेंट में दी स्टील ग्लास

सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ साहू समाज के जिम्मेदारों ने एक स्वर में बहिष्कार का एलान किया है। साथ ही सामाजिक आयोजनों में भी डिस्पोजल ग्लास का इस्तेमाल नहीं करने की शपथ लेकर समाज में स्टील ग्लास भेंट किया गया। संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता की 1008वीं जयंती के अवसर पर साहू समाज संबलपुर को परिक्षेत्र साहू समाज भानुप्रतापपुर की ओर से स्टील ग्लास प्रदान किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज भानुप्रतापपुर से अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू उपाध्यक्ष लिगेंद्र साहू कोषाध्यक्ष कुंदन साहू पत्रकार संघ अध्यक्ष अजय साहू साहू समाज संबलपुर से अध्यक्ष रमेश सोनगेड सचिव संतलाल साहू एवं अशोक साहू उपस्थित थे।दरअसल सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ देश भर के लोगों में जागरूकता आ रही है। भानुप्रतापपुर में भी इसकी शुरुआत हो चुकी है। साहू समाज की ओर से बहिष्कार किया गया है। उन्होंने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए इसका इस्तेमाल तत्काल बंद होना चाहिए। साथ ही यह भी संकल्प लिया कि वे अपने सामाजिक आयोजनों में बर्तनों का इस्तेमाल करेंगे।

# योग, आयुर्वेद व नेचरोपैथी को अपनाकर अपने को प्राकृतिक रूप से बनाएं स्वस्थ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

आज जहां हर व्यक्ति का जीवन भागदौड़ के कारण खानपान से लेकर दिनचर्या अस्त- व्यस्त होकर तनाव एवं अनेक व्याधियों से ग्रसित हो रहे हैं। ऐसे समय में योग ओर नेचरोपैथी के माध्यम से लोगों को आरोग्य और शांति देने का कार्य शासकीय आयुर्वेद औषधालय हाटकोंदल में योग प्रशिक्षक ईश्वर प्रसाद साहू एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। 18 मार्च से 2 अप्रैल तक दर्द निवारण एवं महिलाओं से संबंधित व्याधियों के निवारण के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। मातृशक्तियां ही घर परिवार और समाज की जननी और सृजनकार है, अतः उनका स्वस्थ होना अतिआवश्यक है। प्रतिदिन प्रातः योग के साथ अष्टकर्म क्रियाएं जानू बस्ती, कटी बस्ती जेल नेति आदि क्रियाओं के माध्यम से घुटने दर्द , कमर दर्द , सिर दर्द आदि समस्याओं से मुक्त किया जा रहा है। डॉक्टर संजय मिश्रा ने आह्वान किया है कि समस्त क्षेत्रवासी हमारे आरोग्य मंदिर में चल रहे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ लें। वहीं योग प्रशिक्षक ईश्वर प्रसाद साहू ने घर- घर जाकर लोगों को योग, आयुर्वेद और नेचरोपैथी का महत्व बताते हुए सभी को शिविर में आने का आमंत्रण एवं आग्रह कर रहे हैं। वे बता रहे हैं कि सभी लोग योग, आयुर्वेद नेचरोपैथी को अपनाकर अपने आपको प्राकृतिक रूप से स्वस्थ बनाएं एवं चिकित्सा में होनेवाली भारी भरकम धन के खर्च को बचाकर अपने परिवार और राष्ट्र को समृद्ध बनाएं।

# मामूली बात को लेकर दो भाइयों के मध्य हुई मारपीट, दूसरे भाई ने भी लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



- पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया मामला

बांदे थानांतर्गत पीव्ही 97 में में मामूली बात को लेकर दो भाई के बीच मारपीट होने पर थाना में एक पक्ष ने शिकायत कराया था। वहीं मारपीट में घायल सुजीत मिस्त्री पिता स्व. निरंजन मिस्त्री परिवारों का इलाज कराने के लिए अस्पताल चला गया, जिसके कारण थाना में शिकायत नहीं कराई गई थी। इलाज के बाद शिकायत करवाने पहुंचे भाई की रिपोर्ट पर दूसरे भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

पीव्ही 97 दुर्गापुर निवासी सुजीत मिस्त्री ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 2 अप्रैल को रात करीबन साढ़े 9 बजे अपने घर में था। उसी समय मेरा छोटा भाई संजीत मिस्त्री गांव वालों को बुलाया हूँ, बोलकर मुझे भी अपने घर के पास फोन करके बुलाया। वह उसके घर के पास गया देखा तो गांव के लोग उपस्थित नहीं थे। अपने घर के बाहर मेरा छोटा भाई संजीत मिस्त्री मिला और मुझे धमकाते हुए मेरे ट्रेक्टर ड्राईवर समीर दफादार को दूसरे के पास ट्रेक्टर चलाने के लिए भेजे हो बोलकर आवेश में आकर आरोपी संजीत मिस्त्री द्वारा गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और कहा कि यहां से भाग जाओ नहीं तो जान से मार दूंगा बोलने लगा। वह डर के कारण अपने घर चला गया। मैं घर पहुंचकर मारपीट करने की घटना को मां कौशिल्या मिस्त्री और पत्नी सुधा मिस्त्री को बताया। घर वालो ने आपके साथ क्यों मारपीट किया है, चलो उसके समझाएंगे। हम तीनो भाई के घर के पास गए, तब फिर मुझे देखकर मेरा छोटा भाई संजीत मिस्त्री गाली गलौच करते हुए मुझे एवं मेरी पत्नी को हाथ मुक्का से एवं बाल को खींचकर मारपीट करने लगा। आरोपी संजीत और उसकी पत्नी सुचित्रा मिस्त्री तथा उसकी साली फुलमाला मारपीट करने लगे। मारपीट को देखकर मेरी मां बीच बचाव करने आई तो उसको भी बाल को खींचकर जमीन में गिरा दिया और पास में पड़े लकड़ी के डंडा से मारने लगा। लकड़ी के डंडा से मारपीट करने पर मेरी मां के सिर एवं आंख के पास चोट लगने से तथा मेरी पत्नी के सिर एवं पीठ में दर्द होने से इलाज के लिए रात को साढ़े 11 बजें अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद थाना में शिकायत किया गया वहीं पुलिस ने शिकायत पर आरोपी छोटे भाई के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# कांग्रेस न्याय अभियान समिति के नितिन बने बस्तर समन्वयक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय के तहत 25 गारण्टी को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अभियान चलाने के लिए लोकसभा न्याय अभियान समन्वयकों की नियुक्ति की है। जिसमें बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए अजजा आयोग के पूर्व सदस्य एवं वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई को जवाबदारी सौंपी गई है।

नव नियुक्त बस्तर लोकसभा के समन्वयक का कहना है कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर बैठक आयोजित कर विशिष्ट हित समूह से संबंधित 200-200 व्यक्तियों को इस अभियान के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इनका प्रमुख कार्य कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय युवा न्याय गारण्टी, नारी न्याय गारण्टी, किसान न्याय गारण्टी, श्रमिक न्याय गारण्टी एवं हिस्सेदारी न्याय गारण्टी का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस न्याय अभियान समिति के तहत अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों के साथ प्रत्येक ब्लॉक में न्याय समिति का गठन होगा जिसके पदाधिकारी गाँव-गांव एवं घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय के तहत 25 गारण्टी का प्रचार-प्रसार करेगे। कांग्रेस पार्टी द्वारा बनाया गया चुनावी घोषणा-पत्र एवं गारण्टी महज चुनावी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह भारत के करोड़ों देशवासियों के साथ हुए संवाद से निकला रोड़ मैप है जो रोजगार क्रांति और अधिकारपूर्ण भागीदारी के माध्यम से हर वर्ग का जीवन बदलने जा रहा है।

# बनसागर में भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनसागर



- जीवनी के बारे में उपस्थित लोगों को दी जानकारी

विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी साहू समाज के द्वारा भक्त माता कर्मा की 1008 की जयंती हर्षोल्लास के साथ ग्रामीण साहू समाज द्वारा मनाया गया।

अमोड़ा परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा भक्त शिरोमणि सेवा त्याग भक्ति समर्पण की देवी है। परम आराध्य साध्वी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी है और कर्मा बाई की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षों से चली आ रही है। इनका जन्म संवत 1073 सन 1017 ईस्वी में पाप मोचनी एकादशी पर हुआ था। माता कर्मा देवी जगन्नाथ पुरी में समुद्र के किनारे ही रहकर बहुत समय तक अपने आराध्य बालकृष्ण को खिचड़ी का भोग अपने हाथों से खिलाती रही। उनके बाल लीलाओं का आनंद साक्षात मां यशोदा की तरह लेती रही। इस अवसर पर समाज के अन्य लोगों ने भी अपने संबोधन में भक्त माता कर्मा के जीवनी के बारे में बताया।

परिक्षेत्र अमोडा के पूर्व अध्यक्ष रमेश साहू, ग्रामीण अध्यक्ष मदन साहू, सचिव घनश्याम साहू, वेद कुमार साहू और आत्माराम साहू की उपस्थिति में कलश यात्रा व पूजा अर्चना भगवान श्री कृष्ण के छाया चित्र पर खिचड़ी का भोग लगाया गया और खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर श्रवण साहू, इंदु साहू, कौशिलया साहू, सत्य प्रकाश साहू, रीना साहू, मोनिका साहू, रामजतीन साहू, देवगांव, रैन लाल गंजीर, नारायण साहू ,संत कुमार कुंजाम, बुधु राम सुरोजिया, राम कृष्ण पटेल, चमरू निषाद, भुनेश साहू, सोनू राम साहू, समाज सेवक अगिनत साहू, नवीन साहू, छबि लाल साहू, रोहित साहू, अनुसूया साहू, सावित्री साहू, रामिन साहू, याद राम साहू, कार्तिक साहू, देवकुवर साहू, रामसिला साहू, बासन निषाद आदि उपस्थित रहे।

# आनलाइन ठगी का गोरखधंधा पहुँचा शिक्षा मंडल, नंबर बढ़ाने को लेकर किया पैसे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

- छात्र से फर्स्ट डिवीजन में आने के लिए मांगें 5000 रुपए

ठगी का गोरख धंधा माध्यमिक शिक्षा मंडल के नाम तक पहुँच चुका है और बच्चो को बोर्ड परीक्षा में पास कराने एंव नंबर बढ़ाने का लालच देकर पैसे की ठगी फोन पर की जा रही है। विकासखण्ड चारामा के ग्राम जुनवानी में एक छात्र के पास नम्बर बढ़ाने को लेकर फोन आया और फोन पर कहा कि अगर फर्स्ट डिवीजन आना चाहते हो तो 5000 रुपए आनलाइन पेमेन्ट कर दीजिए।

विकासखण्ड चारामा के ग्राम जुनवानी दसवी में अध्ययनरत छात्र पुरुषोत्तम कुमार को 03 अप्रैल को 7449836878 नम्बर से फोन आया। फोन पर पुरुषोत्तम को कहा कि वह माध्यमिक शिक्षा मंडल से बात कर रहा है। पुरुषोत्तम तुम्हारा संस्कृत और गणित में कम नम्बर आए हैं। अगर फर्स्ट डिवीजन आना चाहते हो तो 5000 रुपए आनलाइन पेमेन्ट कर दिजिए और अगर 90 प्रतिशत लाना चाहते हो तो 8000 रुपए आनलाइन पेमेन्ट कर दीजिए, लेकिन किसी को बताना नहीं। अभी कम्प्यूटर में रिजल्ट सेट हो रहा है आप 20 मिनट में मुझें पेमेन्ट कर दो। पुरुषोत्तम के द्वारा उनकी बातों से यह समझ चुका था कि यह एक फ्राड कॉल है, क्योंकि 2 अप्रैल को इस तरह से फोन कर नम्बर बढ़ाने के लिए पैसे मांगने की एक खबर रायगढ से हुई थी, जिसे छात्रों ने अखबार में पढ़ा था। जब यह फोन आया तो छात्र तुरंत जान गया कि यह एक फर्जी कॉल है और जब इस नम्बर को डायल किया गया तो यह नम्बर ट्रू कॉलर में कोलकत्ता का दिखाई दे रहा है और जो कि वर्तमान में बंद बता रहा है। कुछ इस तरह के फोन माध्यमिक शिक्षा मडंल के नाम पर बोर्ड में परीक्षा देने वाले छात्रों के पास आ रहे है। छात्रों को उनके रोल नम्बर, उनका नाम, पिता का नाम की पहचान कराकर उन्हें विश्वास दिलाकर किया जा रहा है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह भी है कि किसी ठग के पास छात्रो से जुड़ी जानकारी रोल नम्बर, नाम, पिता का नाम, जन्म तारीख की जानकारी कैसे उपलब्ध हुई है। क्योंकि कॉल करने वाले छात्र को विश्वास दिलाने के लिए यह जानकारी सही बता रहे है। छात्रों या उनके परिजनों को विश्वास हो जाता है कि यह कॉल माध्यमिक शिक्षा मंडल से आ रहा है। ऐसे में अपराधों को रोकने के लिए साइबर एंव पुलिस विभाग के द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है। शिक्षा विभाग को छात्रों की जागरुकता के लिए पहल करने की आवश्यकता है कि वे ऐसे किसी भी झांसे में न आएं।

